न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर

प्रकरण संख्या :–189/23

प्रार्थी	**बनाम**	**अप्रार्थी**
एयू स्मॉल फायनेंस बैंक लि. तीसरी मंजिल, सुन्दर विला, वोडाफोन स्टोर के उपर, रेजिडेसी रोड़, जोधपुर जरिये प्राधिकृत अधिकारी मोहनराम		• नजमा चौहान पत्नी अब्दुल शकूर कागा कागड़ी, नागौरी गेट, जिला जोधपुर • अब्दुल शकूर पुत्र गफूर खान कागा कागड़ी नागौरी गेट, जोधपुर

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002

आदेश दिनांक :–14.02.2024

उपस्थिति :–

1–चन्द्र सिंह राठौड़ अधिवक्ता (प्रार्थीपक्ष)

आदेश

प्रार्थी पक्ष की ओर से यह प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अप्रार्थीगण नजमा चौहान पत्नी अब्दुल शकूर व अन्य के विरूद्ध पेश हुआ।

प्रार्थना–पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी के द्वारा अप्रार्थीगण को कुल राशि रूपये 15,10,000/– मोर्टगेज ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा पुनर्भुगतान हेतु अप्रार्थीगण **नजमा चौहान** की जायदाद **जोधपुर नगर निगम आवासीय क्रमांक 10383, कागा कागड़ी, मस्जिद वाली जिसका क्षेत्रुफल 559 वर्गफुट** जिसके **जिसके उत्तर में हमीद जी, दक्षिण में रोड़, पूर्व में जमाल जी, पश्चिम में लेन आया हुआ,** आया हुआ, को प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष में रहन/हाईपोथिक्रेशन को किया। अप्रार्थीगण द्वारा नियमित रूप से प्रार्थी बैंक/कम्पनी को ऋण का भुगतान करने मे असफल रहने पर [illegible] द्वारा ऋण राशि मय ब्याज के अदा करने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत [illegible] से नोटिस जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि मय ब्याज दिनांक 11.07.2023 तक 14,37,699/– रूपये भुगतान नहीं करने पर प्रार्थी बैंक ने

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.17 18:43:24 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर (राज०)

अप्रार्थीगण के द्वारा बतौर जमानत रहन/हाईपोथिकेशन रखी गई सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को सम्भलाने हेतु यह प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा प्रार्थीपक्ष को सुना। प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी द्वारा अप्रार्थीगण को राशि रूपये 15,10,000/– मोर्टगेज ऋण सुविधा प्रदान की है तथा अप्रार्थीगण बतौर प्रतिभूति उक्त जायदाद प्रार्थी के पक्ष में रहन रखी एवं अप्रार्थीगण से दिनांक 11.07.2023 तक 14,37,699/– रूपये वसूल किये जाने है। अप्रार्थीगण को नोटिस भी जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात् भी अप्राथीगण द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया है। "दी सिक्युराईटेशन एवं रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एस्सेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटीइन्ट्रेस्ट (सेकण्ड) एक्ट, 2002" की धारा 14 में उक्त रहन रखी गई सम्पत्ति को प्रार्थी बैंक के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। अतः उपरोक्त तथ्यों के सन्दर्भ में प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थीपक्ष द्वारा प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष में प्रतिभूति के रूप रखी गई अपनी उक्त जायदाद **नजमा चौहान** की जायदाद **जोधपुर नगर निगम आवासीय क्रमांक 10383, कागा कागड़ी, मस्जिद वाली जिसका क्षेत्रुफल 559** वर्गफुट. जिसके **जिसके उत्तर में हमीद जी, दक्षिण में रोड़, पूर्व में जमाल जी, पश्चिम में लेन आया हुआ,** आया हुआ, का कब्जा अप्रार्थीगण से प्राप्त कर जरिये संबंधित पुलिस, प्रार्थी को सम्भलाये जाने का आदेश दिया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित थानाधिकारी एवं प्रार्थी बैंक/कम्पनी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाय।

आदेश आज दिनांक14.02.2024 को सुनाया गया।

जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर

जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर (राज०)

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (राज०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.17 18:43:24 IST
Reason: SelfAttested